श्री सुरेन्द्र राम, माननीय स०वि०स० से प्राप्त

<u>अतारांकित प्रश्न संख्या-18/2/3975 का उत्तर प्रतिवेदन</u>

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा सदर प्रखंड के कोटवापट्टी रामपुर पंचायत के ग्राम कुतुबपुर दियारा लोक कवि भिखारी ठाकुर की जन्म स्थली है; जो कटाव के कारण नदी में विलीन हो रहा है जिसके कारण उक्त क्षेत्र की जनता को कठिनाईयाँ होती है; यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त गांव में हो रहे कटाव से निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि सारण जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत कोटवापट्टी रामपुर पंचायत का प्रश्नगत कुतुबपुर दियारा ग्राम गंगा नदी के दायें तट पर अवस्थित है। प्रश्नगत कुतुबपुर दियारा के समीप बाढ़ अवधि 2025 के पूर्व कटाव निरोधक कार्य कराया गया है, जो प्रभावी है। उक्त कार्य के डाउन-स्ट्रीम में बाढ़ अवधि 2025 के दौरान नदी तट का कटाव होने पर तत्काल बाढ़ संघर्षात्मक कार्य करा कर स्थल को सुरक्षित रखा गया। इसके अतिरिक्त इस स्थल के सुरक्षार्थ बाढ़ अवधि 2026 के पूर्व कटाव निरोधक कार्य का प्रस्ताव आपदा प्रबंधन विभाग को समर्पित है। स्वीकृति प्राप्त होने पर कार्यान्वयन कराया जा सकेगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–147 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त अतारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 3975 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–147 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–147 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–147 / 2026– 1348 पटना, दिनांक– 20/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
19.03.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo